कार्यालय
क्षेत्र संचालक, पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना (म० प्र०)
Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr@rediffmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

प्रेस नोट

मुखबिर के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर दिनांक 21.3.2010 को केन घड़ियाल अभयारण्य से सम्बन्धित रनेहफाल वैरियर पर हो रही वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित शासकीय/अशासकीय व्यक्तियों को दिनांक 21.3.2010 की शाम को रंगे हाथ पार्क प्रबन्धन के द्वारा पकड़ लिया गया। इस प्रकरण में वैरियर प्रभारी श्री अय्याज खान वन रक्षक व वैरियर प्रभारी, श्री चन्द्रभान सिंह श्रमिक एवं वाहन क्रमांक एम.पी.16 टी–0723, एम.पी. 16 ए– 4305 वाहनों से सम्बन्धित वाहन चालक क्रमशः सन्तोष कुमार उर्फ मल्लू उर्फ मुकेश व बल्लन उर्फ राम स्वरूप को प्राथमिक तौर पर दोषी पाया गया। इनके द्वारा विदेशी पर्यटकों को भारतीय पर्यटक के रूप मं वैरियर पंजी एवं मनीरसीद में दर्ज करते हुए शासन की राशि को हड़पने की कार्यवाही की जा रही थी। पी.ओ.आर क्रमांक 380/15 दिनांक 21.3.2010 दर्ज कर कार्यवाही जारी है। इस प्रकरण से सम्बन्धित शासकीय कर्मचारी श्री अय्याज खान को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है व विभागीय कार्यवाही जारी है। इस प्रकरण से सम्बन्धित कुछ पहलुओं की जांच करने हेतु पुलिस में भी प्रकरण दर्ज करने हेतु परिक्षेत्र अधिकारी केन घड़ियाल अभयारण्य खजुराहो को निर्देश दिये गये। इस सम्बन्ध में अधीक्षक केन घड़ियाल अभयारण्य के द्वारा विस्तृत जांच जारी है।

क्षेत्र संचालक,
पन्ना टाईगर रिजर्व,पन्ना